Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 02-08-2005

Participants : Barad Shri Jasubhai Dhanbhai

>

Title: Need to augment the quota of Kerosene being provided to fishermen through Public Distribution System in coastal areas of Gujarat.- Laid.

श्री जसुभाई दानाभाई बारड़ (जूनागढ़) : अध्यक्ष महोदय, गुजरात राज्य के समुद्रीय तटीय क्षेत्र के किनारे बसे गांवों में छोटे छोटे मछुआरे, जो अपना जीवन-यापन करने के लिए मछली पकड़ कर अपनी रोजी-रोटी चलाते है, इन मछुआरों को अपनी नाव को चलाने के लिए जो मिट्टी का तेल सरकारी दुकान से मिलता है, वह उनकी जरूरत से काफी कम है। इन्हें अपनी नाव को चलाने के लिए खुले बाजार से मिट्टी का तेल खरीदना पड़ता है, जो काफी मंहगा मिलता है, जिससे उनकी आमदनी का काफी बड़ा हिस्सा मिट्टी का तेल खरीदने में खर्च हो जाता है, जिससे उनकी आमदनी काफी कम रह जाती है और उनको अपने परिवार के साथ काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

मैं मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि छोटे छोटे मछुआरों को सरकारी दुकान से मिलने वाली मिट्टी के तेल का कोटा बढ़ाया जाये, जिससे वह अपना तथा अपने परिवार का जीवन-यापन सरलता से कर सकें।

---

* Treated as laid on the Table.